D.El.Ed. I Year Annual Examination 2019

Roll No. 38832

Paper Code: 104

Total Pages : 4

D.El.Ed-I/04/19

Language Education (Hindi)
हिन्दी भाषा-शिक्षा

Time : 3 Hours | **Maximum Marks : 75**

समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 75

सामान्य निर्देश:

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्न के दो भाग हैं। भाग-I में 10-10 अंकों के पाँच प्रश्न हैं। भाग-II में 5-5 अंकों के पाँच प्रश्न हैं।

iii) भाग-I के (दस अंक) वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखें तथा भाग-II के (पाँच अंक) के प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखें।

******

भाग-I

1. व्याकरण शिक्षण क्या है? व्याकरण शिक्षण के मुख्य उद्देश्य कौन-कौन से हैं? प्राथमिक स्तर पर व्याकरण शिक्षण के लिए किन-किन विधियों का प्रयोग किया जाता है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। (2+3+5=10)

Scanned by CamScanner

2. मौखिक अभिव्यक्ति कौशल से आप क्या समझते हैं? मौखिक अभिव्यक्ति का महत्व किन दृष्टियों से है? मौखिक अभिव्यक्ति की योग्यता के विकास के लिए किन-किन साधनों का प्रयोग किया जाता है? (2+3+5=10)

अथवा

लेखन कौशल के मुख्य उद्देश्य क्या हैं? लेखन के प्रकारों पर चर्चा करते हुए बताइए, कि वर्तनी की अशुद्धियों के निराकरण के लिए आप कौन-कौन से उपाय करेंगे।

3. गद्य शिक्षण के मुख्य अंग कौन-कौन से हैं? गद्य शिक्षण की आवश्यकता क्यों है? गद्य में रुचि बढ़ाने के लिए आप किस प्रकार के प्रयास करेंगे। (3+3+4=10)

अथवा

गद्य शिक्षण और पद्य शिक्षण में मुख्य रूप से क्या अन्तर है? पद्य शिक्षण का महत्त्व क्यों है? पद्य शिक्षण की मुख्य विधियों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए। (3+3+4=10)

4. सतत् और व्यापक मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? भाषा अधिगम की दृष्टि से सतत और व्यापक मूल्यांकन की क्या उपयोगिता है? प्रारम्भिक स्तर पर सतत और व्यापक मूल्यांकन करने के लिए किन-किन विधियों को प्रयोग में लाना चाहिए? (3+3+4=10)

Scanned by CamScanner

अथवा

भाषा शिक्षण में मूल्यांकन के मुख्य उद्देश्य क्या हैं? परीक्षा तथा मूल्यांकन में अन्तर स्पष्ट करते हुए, परीक्षा के प्रकारों की सोदाहरण चर्चा कीजिए। (3+3+4=10)

5. पाठ्यसहगामी क्रियाओं से आप क्या समझते हैं? कक्षा-शिक्षण में पाठ्यसहगामी क्रियाओं की आवश्यकता क्यों होती है? विविध पाठ्य सहगामी क्रियाओं द्वारा भाषा का विकास किस प्रकार किया जा सकता है? (3+3+4=10)

भाग-II

6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x5=5)
   क) भाषा के साधन और साध्य रूप को बताइए।
   ख) बलाघात व अनुतान में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
   ग) निम्नलिखित शब्दों के समास का नाम लिखिए -
   पुस्तकालय, चरणकमल
   घ) कारक से आप क्या समझते हैं?
   ङ) वाक्य के दो प्रकारों को सोदाहरण समझाइए।

7. भाषा-शिक्षण के मुख्य उद्देश्य क्या हैं? स्वाध्यात्मक उद्देश्यों की विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए। (2½+2½=5)

अथवा

P.T.O.

Scanned by CamScanner

सम्प्रेषण कौशल के गुण और सीमाओं पर चर्चा करते हुए बताइए, कि सम्प्रेषण को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक कौन-कौन से हैं?

(2½+2½=5)

8. कक्षा चार की किसी कविता का चुनाव करके पाठ-योजना प्रस्तुत कीजिए। (5)

9. प्रश्नपत्र निर्माण कला क्या है? एक अच्छे प्रश्नपत्र का निर्माण करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए। (2+3=5)

10. प्रारम्भिक स्तर पर सहायक-सामग्री की क्या भूमिका है? विभिन्न सहायक-सामग्री द्वारा भाषा का विकास किस प्रकार किया जा सकता है?

(2½+2½=5)

अथवा

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए - (2½+2½=5)

क) कक्षा में धीमी गति से सीखने वाले बच्चों की पहचान।

ख) निदान व सुधार का अर्थ व महत्त्व

Scanned by CamScanner